INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO



LATEST EDITION

HINDI MEDIUM

# राजस्थान
# BSTC
# (Pre. D.El. ED)

HANDWRITTEN NOTES

## भाग-1 राजस्थान का सामान्य ज्ञान + रीजनिंग

# INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान
# BSTC
# (PRE.D.EI.ED)

भाग – 1

## राजस्थान का सामान्य ज्ञान + रीज़निंग

# प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान BSTC (Pre. D.El.Ed.)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को "**प्रारंभिक शिक्षा विभाग –बीकानेर**" द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**राजस्थान BSTC (Pre. D.El.Ed.)**" **की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/**

**अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/**


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302017 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**Whatsapp करें - https://wa.link/l6dgy4**

**Online Order करें - https://bit.ly/bstc-notes**



**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

| राजस्थान का भूगोल | | |
|---|---|---|
| क्र.सं . | अध्याय | पेज नं. |
| 1. | राजस्थान की स्थिति एवं विस्तार | 1 |
| 2. | राजस्थान के भौतिक प्रदेश | 6 |
| 3. | राजस्थान की नदियाँ | 12 |
| 4. | राजस्थान की झीलें | 17 |
| 5. | राजस्थान के प्रमुख जलवायु क्षेत्र | 20 |
| 6. | राजस्थान में वनवन्यजीव एवं वनस्पति , | 21 |
| 7. | राजस्थान में कृषि एवं प्रमुख फसलें | 25 |
| 8. | राज्य की प्रमुख सिंचाई एवं बहुद्देशीय परियोजनाएं | 28 |
| 9. | राजस्थान में पशुधन | 30 |
| 10. | राजस्थान में प्रमुख खनिज क्षेत्र एवं संसाधन | 32 |
| 11. | राजस्थान में जनसंख्या वितरण ,विकास , और लिंगानुपात ,साक्षरता | 34 |
| 12. | राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र एवं उद्योग | 41 |

| राजस्थान का इतिहास | | |
|---|---|---|
| 1. | इतिहास जाननें के स्रोत | 43 |
| 2. | राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएं | 49 |
| 3. | गुर्जर प्रतिहार वंश | 52 |
| 4. | मेवाड़ का इतिहास | 55 |
| 5. | मेवाड़मारवाड़ सम्बन्ध- | 60 |
| 6. | राठौड़ वंश एवं मारवाड़ वंश | 66 |
| 7. | 'कच्छवाहा' वंश | 75 |
| 8. | बीकानेर के वंशज | 79 |
| 9. | किशनगढ़ का राठौड़ वंश एवं राजस्थान के अन्य वंश | 86 |
| 10. | राजस्थान की रियासतें और ब्रिटिश संधियां | 91 |
| 11. | राजस्थान में 1857 की क्रांति | 94 |
| 12. | राजस्थान में किसान एवं जनजाति आंदोलन | 99 |
| 13. | प्रजामंडल आंदोलन | 109 |
| 14. | राजस्थान का एकीकरण | 112 |
| 15. | राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व | 117 |

| राजस्थान की कला एवं संस्कृति | | |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान के लोक देवता एंव लोक देवियाँ | 124 |
| 2. | राजस्थान के किलेमहल एवं हवेलियाँ , | 129 |
| 3. | राजस्थान के प्रमुख मंदिर | 137 |
| 4. | राज्य का साहित्य एवं बोलियाँ | 138 |
| 5. | राज्य की चित्रकला | 142 |
| 6. | राजस्थान की हस्तकला | 147 |
| 7. | राजस्थान के प्रसिद्द मेले | 148 |
| 8. | राजस्थान के प्रमुख त्यौहार | 150 |
| 9. | राजस्थान के प्रमुख लोकगीत एवं लोक नृत्य | 153 |
| 10. | राजस्थानी पहनावा एवं आभूषण | 157 |
| 11. | सामाजिक रीत रिवाज एवं  प्रथाएँ | 159 |
| 12. | राजस्थान के प्रमुख संत एवं सम्प्रदाय | 162 |
| 13. | प्रमुख पर्यटन केंद्र | 167 |

| राजस्थान की राजव्यवस्था | | |
|---|---|---|
| 1. | राज्यपाल | 170 |
| 2. | मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् | 177 |
| 3. | राज्य विधानसभा | 185 |
| 4. | उच्च न्यायालय | 194 |
| 5. | राजस्थान लोक सेवा आयोग | 202 |
| 6. | राजस्थान में जिला प्रशासन | 203 |
| 7. | राज्य मानवाधिकार आयोग | 208 |
| 8. | लोकायुक्त | 210 |
| 9. | राज्य निर्वाचन आयोग | 212 |
| 10. | राज्य सूचना आयोग | 214 |
| 11. | राजस्थान विविध | 216 |
| क्र. सं. | रीज़निंग | पेज नं. |
| 1. | श्रृंखला | 270 |
| 2. | सादृश्यता | 286 |
| 3. | वर्गीकरण | 300 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | संक्रियाएं | 304 |
| 5. | लुप्त संख्या | 314 |
| 6. | कोडिंग – डिकोडिंग | 319 |
| 7. | दिशा परीक्षण | 327 |
| 8. | रक्त संबंध | 333 |
| 9. | क्रम व्यवस्था | 343 |
| 10. | घड़ी | 350 |
| 11. | कैलेंडर | 358 |
| 12. | वेन आरेख | 370 |
| 13. | आकृतियों की गणना | 374 |
| 14. | आकृति पूर्ति | 377 |
| 15. | न्यान नियमन | 382 |
| 16. | डाटा पर्याप्तता | 396 |

# राजस्थान का भूगोल

## अध्याय – 1

## राजस्थान की स्थिति एवं विस्तार

**राजस्थान का विस्तार -**

राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3" से 30° 12" उत्तरी अक्षांश ही तक है जबकि राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69°30" से 78°17" पूर्वी देशांतर है।







**नोट :-** राजस्थान का कुल अक्षांशीय विस्तार 7° 9"(30°12" 23°3") है तथा कुल देशांतरीय विस्तार 8°47" (78°17" 69°30") है।

**1° = 4 मिनट**

**1° =111.4 किलोमीटर होता है।**

**अक्षांश रेखाएँ :-** वह रेखाएँ जो ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की ओर बनी हुई है, अथार्त भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय दूरी को अक्षांश रेखा कहते है। भूमध्य रेखा को अक्षांश रेखा माना गया है।

ग्लोब पर कुछ अक्षांशों की संख्या (90 डिग्री उत्तरी गोलार्द्ध में और 90 डिग्री दक्षिणी गोलार्द्ध में) कुल 180° डिग्री है तथा अक्षांश रेखा को शामिल करने पर इनकी संख्या 181 होती है।

**देशांतर रेखाएँ :-** उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360 डिग्री रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहा जाता है। ग्रीनविच, जहाँ ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है,से गुजरने वाली यामोत्तर से पूर्व और पश्चिम की ओर गिनती शुरू की जाए। इस यामोत्तर को प्रमुख यामोत्तर कहते है। इसका मान देशांतर है तथा यहां से हम 180° डिग्री पूर्व या 180° डिग्री पश्चिम तक गणना करते है।

- राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है, जो कि संपूर्ण भारत का 10.41% है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है जो संपूर्ण विश्व का 2.42% है।
- 1 नवंबर 2000 से पूर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश था । लेकिन 1 नवंबर 2000 के बाद मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग हो जाने पर भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान बन गया ।
- 2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या 6,85,48,437 थी, जो कि कुल देश की जनसंख्या का 5.67% है।

**कर्क रेखा राजस्थान में स्थिति :-**

कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है- 1.गुजरात 2.राजस्थान 3.मध्यप्रदेश 4.छत्तीसगढ़ 5.झारखंड 6. पश्चिम बंगाल 7.त्रिपुरा 8.मिजोरम

**ट्रिक- राम झा के छः पंगु मित्र थे ।**

राजस्थान में कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिलें के मध्य से कुशलगढ़ तहसील से गुजरती है । इसके अलावा कर्क रेखा डूंगरपुर जिलें को भी स्पर्श करती है, अर्थात् कुल दो जिलों से होकर गुजरती है ।

राजस्थान में कर्क रेखा की कुल लंबाई 26 किलोमीटर है । राजस्थान का सर्वाधिक भाग कर्क रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है । राजस्थान का कर्क रेखा से सर्वाधिक नजदीकी शहर बाँसवाड़ा है ।




भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है, अतः वहां पर तापमान अधिक होता है । जैसे-जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है और तापमान में कमी आती जाती है ।

राजस्थान में बाँसवाड़ा जिलें में सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है जबकि गंगानगर में सर्वाधिक तिरछी पड़ती है।

**कारण :-** बाँसवाड़ा सर्वाधिक दक्षिण में स्थित है, तथा श्रीगंगानगर सबसे उत्तर में स्थित है ।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार राज्य का सबसे गर्म जिला बाँसवाड़ा होना चाहिए, एवं राज्य का सबसे ठंडा जिला श्रीगंगानगर होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में राज्य का सबसे गर्म व सबसे ठंडा जिला चूरु है। यह जिला सर्दियों में सबसे अधिक ठंडा एवं गर्मियों में सबसे अधिक गर्म रहता है इसका कारण यहां पाई जाने वाली रेत व जिप्सम है।




( निम्न मानचित्र को ध्यान से समझिए ) –




पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने




आता है, इस कारण सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।

**<u>विस्तार :-</u>**राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई 826 किलोमीटर है तथा इसका विस्तार उत्तर में श्रीगंगानगर जिलें के कोणा गांव से दक्षिण में बाँसवाड़ा जिलें की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गांव तक है।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूरव में धौलपुर जिलें के सिलाना गांव से पश्चिम में जैसलमेर जिलें के कटरा गांव तक है ।

**<u>आकृति :-</u>**

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है ।

राज्य की स्थलीय सीमा5920 किलोमीटर (1070 अंतर्राष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

**रेडक्लिफ रेखा :-**

रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है । इसके संस्थापक सर सिरिल एम रेडक्लिफ को माना जाता है । इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3,310 किलोमीटर है ।

रेडक्लिफ रेखा पर भारत के चार राज्य स्थितहैं।

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी.)
2. पंजाब (547 कि.मी.)
3. राजस्थान (1070 कि.मी.)
4. गुजरात (512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा राजस्थान के चार जिलों से लगती है।

1. श्रीगंगानगर - (210 कि.मी.)
2. बीकानेर - (168 कि.मी.)
3. जैसलमेर - (464 कि.मी.)
4. बाड़मेर - (228 कि.मी.)

रैडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में गंगानगर के हिंदुमल कोट से लेकर दक्षिण में बाड़मेर के शाहगढ़ बाखासर गाँव तक विस्तृत है।

पाकिस्तान के दो राज्य (प्रांत) राजस्थान से छुते हैं।

1. पंजाब प्रांत 2. सिंध प्रांत

रेडक्लिफ पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला :- जैसलमेर

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्रफल में छोटा जिला :- श्रीगंगानगर

राजस्थान के केवल अन्तराष्ट्रीय सीमा वाले जिलें - 2 (बीकानेर, जैसलमेर)

राजस्थान के परिधिय जिलें :- 25

राजस्थान के अंतर्राज्यीय सीमा वाले जिलें :- 23

राजस्थान के केवल अंतर्राज्यीय सीमा वाले जिलें :- 21

राजस्थान के 2 ऐसे जिलें है, जिनकी अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा है :- गंगानगर (पाकिस्तान + पंजाब), बाड़मेर(पाकिस्तान + गुजरात)

**राजस्थान की अन्य राज्यों से सीमाएँ :-**

**पंजाब (89 कि.मी.)**

राजस्थान के दो जिलों की सीमा पंजाब से लगती है तथा पंजाब के दो जिलें फाजिल्का व मुक्तसर की सीमा राजस्थान से लगती हैं । पंजाब के साथ सर्वाधिक सीमा श्रीगंगानगर व न्यूनतम सीमा हनुमानगढ़ की लगती है।

**हरियाणा (1262 कि.मी.) :-**

राजस्थान के 7 जिलों की सीमा हरियाणा के 7 जिलों (सिरसा, फतेहबाद, हिसार, भिवाड़ी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात) से लगती है। हरियाणा के साथ सर्वाधिक सीमा हनुमानगढ़ व न्यूनतम सीमा जयपुर की लगती हरियाणा सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला चुरू व छोटा जिला झुंझुनू है ।

**उत्तरप्रदेश (877 कि.मी.) :-** राजस्थान के दो जिलों की सीमा उत्तरप्रदेश के दो जिलों (मथुरा व आगरा) से लगती है। उत्तरप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा भरतपुर व न्यूनतम धौलपुर की लगती है।

**मध्यप्रदेश (1600 कि.मी.) :-**

राजस्थान के 10 जिलों की सीमा मध्य प्रदेश के 10 जिलों की सीमा से लगती है।(झाबुआ, रतलाम, मंदसौर,निमच, अगरमालवा, राजगढ, गुना, शिवपुरी, श्योंपुर, मुरैना) मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा झालावाड़ व न्यूनतम भीलवाड़ा की लगती है ।

**गुजरात (1022 कि.मी.) :-**

राजस्थान के 6 जिलों की सीमा गुजरात के 6 जिलों से लगती है। (कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, माहीसागर, दाहोद )गुजरात के साथ सर्वाधिक सीमा उदयपुर व न्यूनतम सीमा बाड़मेर की लगती है।

**तथ्य :-**

26 जनवरी, 1950 को संवैधानिक रूप से हमारे राज्य का नाम राजस्थान पड़ा।

राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में 1 नवम्बर, 1956 को आया । इस समय राजस्थान में कुल 26 जिलें थे ।

26 वाँ जिला – (अजमेर-1 नवम्बर, 1956 )

27 वाँ जिला-धौलपुर- (15 अप्रैल, 1982), यह भरतपुर से अलग होकर नया जिला बना।

28 वाँ जिला- बारा- ( 10 अप्रैल, 1991 ), यह कोटा से अलग हो कर नया जिला बना ।

29 वाँ जिला-दौसा- ( 10 अप्रैल , 1991 ), यह जयपुर से अलग होकर नया जिला बना ।
30 वाँ जिला राजसमंद- ( 10 अप्रैल, 1991 ), यह उदयपुर से अलग हो कर नया जिला बना ।
31 वाँ जिला-हनुमानगढ़- ( 12 जुलाई, 1994 ), यह श्रीगंगानगर से अलग होकर नया जिला बना।
32 वाँ जिला करौली ( 19 जुलाई, 1997 ), यह सवाईमाधोपुर से अलग होकर नया जिला बना ।
33 वाँ जिला-प्रतापगढ़-( 26 जनवरी, 2008 ), यह तीन जिलों से अलग हो कर नया जिला बना।
राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला जैसलमेर (38401 वर्ग कि.मी.) है।




***संभाग*** –संभागीय व्यवस्था की शुरुआत 1949 में हीरा लाल शास्त्री सरकार द्वारा की गई । अप्रैल, 1962 में मोहनलाल सुखाडिया सरकार के द्वारा इसे समाप्त कर दिया गया। 15 जनवरी, 1987 में हरिदेव जोशी सरकार के द्वारा इसकी पुनः शुरुआत द्वारा की गई।

1. जयपुर संभाग- जयपुर, दौसा, सीकर, अलवर, झुंझुनू ।
2. जोधपुर संभाग- जोधपुर, जालौर, पाली, बाड़मेर, सिरोही, जैसलमेर ।
3. भरतपुर संभाग- भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर ।
4. अजमेर संभाग- अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, नागौर।
5. कोटा संभाग- कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
6. बीकानेर संभाग - बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु ।
7. उदयपुर संभाग- उदयपुर, राजसंमद, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ ।

***<u>अंतर्राष्ट्रीय सीमा :-</u>***

अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले संभाग- बीकानेर व जौधपुर
सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग- जौधपुर

मुख्य नदियां माही, जाखम, सोम, चाप अनास, एराव है।

**(घ) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश**

यह राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित मालवा के पठार का विस्तार माना जाता है। इसकी निम्नलिखित भौतिक विशेषताएं हैं -

1. इसका विस्तार राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग में मुख्य रूप से कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ में स्थित है इसका क्षेत्रफल राज्य की कुल क्षेत्रफल का 7% हिस्सा में है जिस पर राज्य की कुल जनसंख्या का 11% हिस्सा निवास करता है।
2. यहां की जलवायु आद्र एवं अति - आद्र जलवायु पाई जाती है।
3. इस प्रदेश में मुख्य रूप से काली एवं लाल मिट्टियां पाई जाती हैं।
4. इस प्रदेश में मुख्य रूप से कपास, गन्ना, चावल, खट्टे रसदार फल, सब्जियां आदि का मुख्य रूप से उत्पादन होता है झालावाड़ में मौसमी / संतरा सर्वाधिक होता है

# अध्याय – 3

# राजस्थान की नदियाँ

**अपवाह तंत्र -**

जब नदी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जल का प्रवाह करती हैं तब उसे अपवाह तंत्र कहते हैं ।अपवाह तंत्र में नदियां एवं उसकी सहायक नदियां शामिल होती हैं।

**(अ)बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ :**

इस अपवाह तंत्र में निम्न प्रमुख नदियां शामिल होती हैं जैसे चंबल, बनास, काली सिंध, पार्वती, बाण गंगा, खारी, बेडच, गंभीरी आदि।

**(ब) अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ :-**

इस अपवाह तंत्र में इन निम्न प्रमुख नदियां शामिल हैं जैसे माही, सोम, जाखम, साबरमती, पश्चिमी बनास, लूणी, इत्यादि ।

**(स ) अंतः प्रवाह वाली नदियां -**

कुछ छोटी नदियां जो कुछ दूरी तक प्रभाव में होकर राज्य में अपने क्षेत्र में विलुप्त हो जाती हैं तथा उनका जल समुद्र तक नहीं जा पाता इसलिए इन्हें आंतरिक प्रवाह वाली नदियां कहा जाता है ।

**चंबल नदी**- चंबल नदी राजस्थान की एक मात्र ऐसी नदी है जो प्राकृतिक अंतर्राज्यीय सीमा निर्धारित करती है इस नदी को अन्य नामों से भी जाना जाता है इसके अन्य नाम है, चर्मणवती नदी, कामधेनु नदी, बारह मासी नदी, नित्य वाहिनी नदी।

- इस नदी की कुल लंबाई 966 किलों मीटर है। यह नदी मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश अर्थात् 3 राज्यों में बहती है यह नदी मध्यप्रदेश में 335 किलों मीटर, राजस्थान में 135 किलों मीटर, उत्तरप्रदेश में 275 किलों मीटर बहती है यह नदी राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के मध्य 241 किलों मीटर की अंतर्राज्यीय सीमा भी बनाती है।
- इस नदी का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश राज्य के इंदौर जिलें हुआ । क्षेत्र के विंध्याचल पर्वतमाला में स्थित 616 मीटर ऊंची "जाना पाव की पहाड़ी" से होता है मध्यप्रदेश में मंदसौर जिला में स्थित रामपुरा भानपुरा के पठारों में स्थित इस नदी का सबसे बड़ा बांध "गांधी सागर बांध" बना हुआ है।

# चम्बल नदी एवं इसकी सहायक नदियाँ

- राजस्थान की कामधेनु
- प्राचीन नाम – चर्मण्वती
- कुल लम्बाई लगभग 965 किमी.
- राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा पर 241 KM लम्बी
- राजस्थान के अन्दर 135 KM लम्बी
- राजस्थान में कुल लम्बाई (241+135) = 376 किमी.




यह नदी राजस्थान में सर्वप्रथम चित्तौड़गढ़ जिलें में स्थित चौरासीगढ़ नामक स्थान से प्रवेश करती है इस नदी पर भैंसरोडगढ़ के समीप सबसे बड़ा सबसे ऊंचा जल प्रपात बना है जिसे चूलिया जल प्रपात के नाम से जानते हैं।

- चंबल नदी पर चित्तौड़गढ़ जिलें के रावतभाटा नामक स्थान पर राणाप्रताप सागर बांध बना हुआ है, जो कि जल भराव की क्षमता से राज्य का सबसे बड़ा बांध है इस बांध का 113 वर्ग किलों मीटर में फैला हुआ है।
- अंत में यह नदी उत्तरप्रदेश राज्य के इटावा जिलें के मुरादगंज कस्बे में 275 किलों में किलों मीटर बहने के बाद यमुना में मिल जाती है यह यमुना की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

**चंबल की सहायक नदियां –**

- मध्यप्रदेश में मिलने वाली नदियां -सींवान, रेतम, शिप्रा।
- राजस्थान में मिलने वाली नदियां - आलनिया, परवण, बनास, कालीसिंध, पार्वती, बामणी, कुराल, छोटी काली सिंध आदि

चंबल नदी पर चार बांध बनाए गए हैं -

1. गांधी सागर बांध - मध्यप्रदेश की भानपुरा तहसील में
2. राणाप्रताप सागर बांध - रावतभाटा, (चित्तौड़गढ़).
3. जवाहर सागर बांध - बोरा बास, कोटा
4. कोटा बैराज बांध - कोटा शहर

**2. <u>बनास नदी -</u>**

- बनास नदी का उद्गम राजसमंद जिलें में स्थित खमनोर की पहाड़ियां से होता है पूर्णतः प्रवाह के आधार पर यह राजस्थान की सबसे लंबी नदी है इसकी कुल लंबाई 480 किलों मीटर है।
- इस नदी को अन्य नामों से जाना जाता है। जैसे वन की आशा, वर्णाशा, वनआशा, वशिष्ठ नदी।
- यह नदी 6 जिलों में बहती है यह 6 जिलें क्रम से हैं राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, सवाईमाधोपुर ।इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में भूरी मिट्टी के क्षेत्र का प्रसार पाया जाता है।

● **नोट** -बीसलपुर बांध का निर्माण अजमेर के चौहान शासक विग्रह राज चतुर्थ (बीसलदेव) ने करवाया था।

- बनास नदी अपने प्रवाह के अंत में सवाईमाधोपुर जिलें के खंडार तहसील के रामेश्वर नामक स्थान पर जाकर चंबल में मिल जाती है।
- इसकी सहायक नदियां बेडच, कोठारी, खारी, मानसी, मोरेल आदि हैं

**3. बेडच नदी –**

उद्गम से इस नदी को आयड़ नदी के नाम से भी जानते है तथा उदय सागर झील के उपरांत इसे बेडच नदी के नाम से जानते है।

- इस नदी का उद्गम स्थल उदयपुर जिलें में स्थित गोगुंदा की पहाड़ियों से होता है उदयपुर में 13 किमी बहने के बाद यह नदी उदयसागर झील में गिरती है। उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में बहती हुई यह नदी भीलवाड़ा में बीगोंद कस्बे के निकट बनास नदी में मिल जाती है । वही मेनाल नदी बीच में मिलती है इनके संगम स्थल को त्रिवेणी संगम कहते हैं।

**4. गंभीरी नदी –**

यह मध्यप्रदेश राज्य के रतलाम जिलें के जावरा की पहाड़ियों से निकलती है यह नदी चित्तौड़गढ़ जिलें में बेडच में जाकर विलीन हो जाती है, इसे चित्तौड़गढ़ की गंगा भी कहा जाता है।

**5. खारी नदी -**

इस नदी का उद्गम स्थल राजसमंद जिलें में स्थित बिजराल ग्राम की पहाड़ियों से होता है यह नदी अजमेर तथा उदयपुर की सीमा निर्धारित करती है यहां ओजियाना की सभ्यता विकसित हुई थी आगे चल कर यह नदी टोंक जिलें के राजमहल नामक स्थान पर बनास में जाकर मिल जाती है।

**6. कोठारी नदी -**

इस नदी का उद्गम राजसमंद जिलें के दिवेर नामक स्थान से होता है तथा भीलवाड़ा जिलें में बनास नदी में जाकर मिल जाती है इस नदी पर मेज बांध बनाया गया है।

**7. मानसी नदी -**

इस नदी का उद्गम भीलवाड़ा जिलें में करणगढ़ की पहाड़ियों से होता है यह नदी भीलवाड़ा जिलें में बनास में जाकर मिल जाती है।

**8. बाण गंगा नदी -**

इसका उद्गम जयपुर जिलें की बैराठ पहाड़ियों से होता है इसे अर्जुन की गंगा भी कहा जाता है इस नदी की कुल लंबाई 380 किलोमीटर है इस नदी पर जयपुर में जमवारामगढ़ बांध बना हुआ है। अंत में यह नदी आगरा के समीप फतेहाबाद नामक स्थान पर यमुना में जाकर मिल जाती है।

**9. पार्वती :-**

**उद्गम** :- मध्यप्रदेश में विंधाचल पर्वत के "सेहोर" नामक स्थान से निकलती है ।

राजस्थान में प्रवेश :- करयाहट के निकट बारां जिलें में ।

बहाव क्षेत्र:- बारां कोटा तथा सवाईमाधोपुर ।

**10. कालीसिंध:-**

**उद्गम** :- मध्यप्रदेश में देवास के निकट बागली की पहाड़ियों से निकलती है ।

राजस्थान में प्रवेश :- रायपुर के निकट झालावाड़ जिलें में ।

बहाव क्षेत्र :- झालावाड़ तथा कोटा एवं ।

सहायक नदियां :- आहू, परवन, निवाज (निमाज), उजाड़ ।

**आहू** :-उद्गम :- मध्यप्रदेश में सुसनेर के निकट से निकलती है।

राजस्थान में प्रवेश :- नंदपुर के निकट झालावाड़ जिलें में ।

बहाव क्षेत्र :- झालावाड़ तथा कोटा ।

विशेष :- कालीसिंध तथा आहू नदी के संगम पर राजस्थान का जलदुर्ग गागरोन दुर्ग बना हुआ है ।

**2. अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ -**

**1. लूनी नदी -**

● इस नदी का उद्गम स्थल अजमेर जिलें में स्थित नाग पहाड़ी है । पुष्कर से गोविंदगढ़ (अजमेर ) तक इसे साक्री के नाम से जाना जाता है। अजमेर में इसे साबरमती, सागरमती, या सरस्वती कहा जाता है, आगे चल कर इसे लूनी नदी के नाम से जाना जाता है।

● इसकी सहायक नदियां सुकड़ी, जवाई, सगाई, लीलड़ी, जोजड़ी, मीठड़ी, सागी इत्यादि हैं।

**2. माही नदी**

● इस नदी को दक्षिण की गंगा, कांठल की गंगा बांगड़ की गंगा, आदिवासियों की गंगा, दक्षिण

# अध्याय – 7

## 'कच्छवाहा' वंश

- कच्छवाहा' अपने आपको भगवान श्री राम के पुत्र कुश' की संतान मानते हैं।
- संस्थापक दुलहराय (तेजकरण), मूलतः ग्वालियर निवासी था। 1137 ई. में उसने बड़गुर्जरों को हराकर नवीन ढूँढाड़ राज्य की स्थापना की।
- दुलहराय के वंशज कोकिलदेव ने 1207 ई. में मीणाओं से आमेर जीतकर अपनी राजधानी बनाया, जो 1727 ई. तक कच्छवाहा वंश की राजधानी रहा।
- इसी वंश के शेखा ने शेखावटी में अपना अलग राज्य बनाया।

**कच्छवाहा वंश के प्रमुख शासक**

**पृथ्वीसिंह**

- यह आमेर का पहला शक्तिशाली शासक था। 1527 में खानवा के युद्ध में पृथ्वीराज राणा साँगा की तरफ से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त होता है, इस समय पृथ्वीराज की पत्नी बालाबाई अपने छोटे पुत्र पूरणमल का राज्याभिषेक करवाती है, जिसके कारण पृथ्वीराज का बड़ा पुत्र भीमसिंह नाराज हो जाता है।
- भीमदेव 1533 में पूरणमल को परास्त करके स्वयं शासक बनता है, 1536 में भीमदेव की मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र रतन सिंह शासक बनता है, रतन सिंह से उसका चाचा साँगा शत्रुता रखने लग जाता है, साँगा ने बीकानेर के राव जैतसी के साथ मिलकर रतन सिंह से उसका मोजमाबाद वाला क्षेत्र छीनकर साँगानेर बसाता है, साँगा की मृत्यु के पश्चात उसका छोटा भाई भारमल रतन सिंह से शत्रुता रखने लग जाता है । भारमल ने रतन सिंह के छोटे भाई आसकरण को अपने पक्ष में मिलाते हुए आसकरण के माध्यम से रतन सिंह की हत्या करवा देता है और आसकरण को कुछ समय के लिए शासक बनाता है भारमल जून 1547 में आसकरण को हटाते हुए स्वयं शासक बन जाता है।
- रानी बालाबाई ने गलता में कृष्णदास पयहारी संप्रदाय को संरक्षण दिया था।

**भारमल (1547-1574 ई.)**

- भारमल (1547-1574 ई.) या बिहारीमल 1547 ई. में भारमल आमेर का शासक बना।
- भारमल प्रथम राजस्थानी शासक था, जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार की व 1562 ई. में अपनी पुत्री हरखाबाई उर्फ मानमति या शाही बाई (मरियम उज्जमानी) का विवाह अकबर से किया।
- मुग़ल बादशाह जहाँगीर हरखाबाई का ही पुत्र था।

**भगवन्त दास (1574-1589 ई.)**

- भगवन्त दास या भगवान दास भारमल का पुत्र था।
- उसने अपनी पुत्री मानबाई (मनभावनी) का विवाह शहजादे सलीम (जहाँगीर) से किया।
- मानबाई को सुल्तान निस्सा' की उपाधि प्राप्त थी। खुसरो इसी का पुत्र था।
- 1562 में जब भारमल अकबर की अधीनता स्वीकार करता है, तो अकबर भगवन्त दास को अपनी दरबारी सेवा में नियुक्त करता है।
- भगवन्त दास मुगलों के दरबार में नियुक्त होने वाला पहला राजपूत दरबारी था।
- अकबर ने भगवन्त दास को 1582 में लाहौर का सूबेदार नियुक्त किया था। इसी लाहौर सूबेदारी के तहत 1589 में भगवन्त दास ने अपनी पुत्री मानबाई का विवाह अकबर के पुत्र सलीम के साथ करवाया था।

**मानसिंह (1589-1614 ई.)**

- मानसिंह भगवन्त दास का पुत्र था।
- मानसिंह आमेर के कच्छवाहा शासकों में सर्वाधिक प्रतापी एवं महान् राजा था।
- मानसिंह ने 52 वर्ष तक मुगलों की सेवा की।
- मानसिंह 1573 में अकबर के दूत के रूप में राणा प्रताप से मिला था।
- 1576 ई. में हल्दीघाटी युद्ध में उसने शाही सेना का नेतृत्व किया था।
- अकबर ने उसे फर्जन्द (पुत्र) एवं राजा की उपाधि प्रदान की।
- वह अकबर के नवरत्नों में शामिल था।
- मानसिंह स्वयं कवि, विद्वान, साहित्य प्रेमी व विद्वानों का आश्रयदाता था।
- शिलादेवी (आमेर), जगत शिरोमणी (आमेर) गोविन्द देवजी (वृंदावन) मंदिर उसी ने बनवाये थे।

**जयसिंह प्रथम या मिर्जा राजा जयसिंह (1621-1667 )**

- इसने तीन मुग़ल बादशाहों जहाँगीर, शाहजहाँ व औरंगजेब को अपनी सेवाएँ दी।।

- उसने औरंगजेब की तरफ से शिवाजी को संधि के लिए बाध्य किया।
- यह संधि इतिहास में पुरन्दर की संधि (जून 1665 ई.) के नाम से प्रसिद्ध है। उसकी योग्यता एवं सेवाओं से प्रसन्न होकर शाहजहाँ ने उसे मिर्जा राजा की उपाधि प्रदान की।
- बिहारी सतसई के रचयिता कवि बिहारी उसके दरबारी कवि थे।
- बिहारी का भांजा कुलपति मिश्र भी बड़ा विद्वान था, जिसने 52 ग्रन्थों की रचना की इनका दरबारी था।
- इनकी मृत्यु बुरहानपुर के पास हुई थी।
- प्रमुख दरबारी: (i) बिहारी कवि - बिहारी सतसई - यह रचना पढ़कर ही जयसिंह पुनः आमेर आता है, इसमें कुल 713 दोहे हैं। जयसिंह ने बिहारी कवि को प्रत्येक दोहे के लिए एक स्वर्ण मुद्रा दान में दी थी।
- (ii) राम कवि- जयसिंह चरित्र
- **औरंगजेब व जयसिंह** :- शाहजहाँ के पुत्रों में जब उत्तराधिकार संघर्ष प्रारंभ हुआ था तब जयसिंह प्रथम (मिर्जा राजा जयसिंह) ने औरंगजेब का सहयोग किया था। औरंगजेब ने जनवरी 1665 में जयसिंह प्रथम को मराठों के दमन हेतु शिवाजी के विरुद्ध अभियान लेकर भेजा था इन अभियानों में जयसिंह प्रथम शिवाजी को 6 माह तक पुरंदर किले में घेरकर रखता है जिस पर शिवाजी मजबूर होकर 11 जून 1665 को पुरंदर की संधि करता है।
  1667 ई. में मराठों के विरुद्ध अभियान का संचालन करते हुए मिर्जा जयसिंह प्रथम बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) में मृत्यु को प्राप्त होता है।
- शाहजहाँ ने 1638 ई. में जयसिंह प्रथम को मिर्जा राजा की उपाधि प्रदान की थी।
- औरंगजेब जयसिंह प्रथम को बनवा के नाम से पुकारता था।

**महाराजा रामसिंह प्रथम (1667 - 1689 ई.)**

- मिर्जा राजा जयसिंह की मृत्यु के पश्चात् रामसिंह आमेर के शासक बने।
- औरंगजेब ने रामसिंह की निगरानी में शिवाजी को महल में कैद रखा था। लेकिन शिवाजी वहाँ से भाग निकले।
- 1669 ई. में औरंगजेब ने इन्हें आसाम विद्रोह का दमन करने के लिए भेजा।
- रामसिंह को विद्रोह का दमन करने के लिए काबुल भेजा गया जहाँ 1689 ई. में इनकी मृत्यु हो गई।

**महाराजा बिशनसिंह (1689-1700 ई.)**

- रामसिंह के बाद इनका पौत्र बिशनसिंह (विष्णुसिंह) आमेर का शासक बना। क्योंकि इनके पुत्र किशनसिंह का दक्षिण में रहते हुए देहांत हो गया था।
- इन्होंने सिनसिनी के जाटों के विद्रोह का दमन किया तथा उसके बाद उन्हें मुल्तान भेजा गया जहाँ इन्होंने सक्खर का दुर्ग जीता।
- बिशनसिंह मुअज्म के साथ काबुल में पठानों के विद्रोह को दबाने के लिए गए जहाँ इनका देहांत हो गया था।

**जयसिंह द्वितीय या सवाई जयसिंह ( 1700-1743 ई.)**

- इनका वास्तविक नाम विजयसिंह था।
- बादशाह औरंगजेब ने उसकी वाकपटुता से प्रभावित होकर, उसकी तुलना जयसिंह प्रथम से की तथा उसे जयसिंह प्रथम से भी अधिक योग्य अर्थात् सवाया जानकर विजयसिंह का नाम बदलकर सवाई जयसिंह कर दिया।
- सवाई जयसिंह ने मुगलों के लिए तीन बार मराठों से युद्ध किये।
- सवाई जयसिंह द्वारा जाटों पर मुगलों की विजय होने के उपलक्ष्य में बादशाह मुहम्मद शाह ने जयसिंह को राज राजेश्वर, राजाधिराज, सवाई की उपाधि प्रदान की।
- सवाई जयसिंह ने मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह द्वितीय से मिलकर 1734 ई. में हुरड़ा (भीलवाड़ा) राजस्थान के राजपूत राजाओं का सम्मेलन आयोजित किया। जिसका उद्देश्य सामुहिक शक्ति द्वारा मराठा आक्रमण को रोकना था।
- वह संस्कृत, फारसी, गणित एवं ज्योतिष का प्रकाण्ड विद्वान था उसे ज्योतिष शासक' भी कहा गया है।
- उसने जयसिंह कारिका' नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की।
- उसने जयपुर, दिल्ली, बनारस, उज्जैन व मथुरा में वेधशालाएँ बनवायी जिसमें सबसे बड़ी वेधशाला (जंतर-मंतर) जयपुर की है तथा सर्वप्रथम वेधशाला दिल्ली की है।
- उसने 18 नवम्बर, 1727 ई. में जयपुर नगर की स्थापना की। जयपुर का प्रधान वास्तुकार बंगाली ब्राह्मण विद्याधर भट्टाचार्य था।

# अध्याय - 10

## राजस्थान की रियासतें और ब्रिटिश संधियां

| क्र. सं. | संधिकर्त्ता राज्य | संधि के समय शासक | संधि की तिथि | अंग्रेज कम्पनी को दी जाने वाली खिराज राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली | हरबक्षपालसिंह | 9 नवम्बर, 1817 | खिराज से मुक्त |
| 2. | टोंक | अमीर खाँ | 15नवम्बर, 1817 | - |
| 3. | कोटा | उम्मेद सिंह | 26 दिसम्बर, 1817 | 2,44,700 रु. |
| 4. | जोधपुर | मानसिंह | 6 जनवरी, 1818 | 1,08,000 रु. |
| 5. | उदयपुर | भीमसिंह | 22 जनवरी, 1818 | राज्य की आय का 1/4 भाग |
| 6. | बूँदी | विसनसिंह | 10 फरवरी, 1818 | 80,000 रु. |
| 7. | बीकानेर | सूरतसिंह | 21 मार्च, 1818 | मराठों को खिराज नहीं देता था, इसलिए खिराज से मुक्त |
| 8. | किशनगढ़ | कल्याणसिंह | 7 अप्रैल , 1818 | खिराज से मुक्त |
| 9. | जयपुर | जगतसिंह | 15 अप्रैल , 1818 | संधि के प्रथम वर्ष कुछ नहीं, दूसरे वर्ष 4 लाख, चौथे वर्ष 6 लाख, पाँचवें वर्ष 7 लाख, छठें वर्ष 8 लाख फिर 8 लाख निश्चित। |
| 10. | जैसलमेर | मूलराज | 2 जनवरी, 1819 | मराठों को खिराज नहीं देता था, अतः खिराज से मुक्त। |
| 11. | प्रतापगढ़ | सामन्तसिंह | 5 अक्टूबर, 1818 | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |
| 12. | डूंगरपुर | जसवन्त सिंह द्वितीय | 1818 ई. | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |
| 13. | बाँसवाड़ा | उम्मेदसिंह | 25 दिसम्बर, 1818 | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |

| क्र. सं. | संधिकर्त्ता राज्य | संधि के समय शासक | संधि की तिथि | अंग्रेज कम्पनी को दी जाने वाली खिराज राशि |
|---|---|---|---|---|
| 14. | सिरोही | शिवसिंह | 11 सितम्बर, 1823 | संधि के तीन वर्ष तक खिराज से मुक्त उसके बाद आय के प्रति रुपये पर छः आना। |
| 15. | झालावाड़ | मदनसिंह | 10 अप्रैल, 1838 | 80,000 रु. वार्षिक। |

- 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के साथ ही राजपूत राज्यों पर मुग़ल केन्द्रीय सत्ता का नियंत्रण ढीला पड़ गया।
  - सभी राजपूत राज्य अपने राज्य का विस्तार करने तथा पड़ौसी राज्य पर राजनैतिक वर्चस्व स्थापित कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के प्रयत्न में लग गए।
  - इस प्रकार के प्रयत्नों के फलस्वरूप राजपूत राज्यों में पारस्परिक संघर्ष बढ़ गये।
  - शासकों ने पारस्परिक संघर्षों में सहायता प्राप्त करने के लिए बाहरी ताकतों (मराठा, अंग्रेज, होल्कर आदि) का सहारा लेने लगे।
  - जब राज्यों में उत्तराधिकार संघर्ष में मराठों का हस्तक्षेप हुआ तो राजपूताना के शासकों ने मराठा के विरुद्ध ईस्ट इण्डिया कम्पनी से सहायता माँगी लेकिन अंग्रेजों ने इन प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय अंग्रेजों की नीति राजपूताना के लिए मराठों से युद्ध करने की नहीं थी।
  - भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी का आगमन 1600 ई. में हुआ था।
  - 1757 ई. में प्लासी युद्ध के पश्चात ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने पहली बार भारत में बंगाल में) राजनीतिक सत्ता प्राप्त की।
  - रॉबर्ट क्लाइव सन् 1757 में बंगाल का प्रथम गवर्नर बना।
  - 1764 ई. के बक्सर युद्ध के पश्चात हुई इलाहाबाद संधि ने कम्पनी को भारत में पूर्णतः राजनीतिक शक्ति प्रदान की।
  - वारेन हेस्टिंग्स 1772 ई. में बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल बने।
  - वारेन हेस्टिंग्स ने सुरक्षा घेरे की नीति (पॉलिसी ऑफ रिंग फेंस) को अपनाया जिसके अनुसार कम्पनी द्वारा अपने अधिकृत प्रदेशों को शत्रुओं से सुरक्षा के लिए पड़ौसी राज्यों के साथ मैत्री संधि कर उन्हें बफर राज्यों के रूप में प्रयुक्त किया जाता था।
  - लॉर्ड कार्नवालिस ने भारतीय शासकों के मामलों में अहस्तक्षेप की नीति अपनाई ।
  - 1798 ई. में लॉर्ड वेलेजली ने देशी राज्यों के साथ सहायक संधि की नीति अपनाई।
  - इस नीति के तहत देशी राज्यों की आंतरिक सुरक्षा व विदेशी नीति का उत्तरदायित्व अंग्रेजों पर था जिसका खर्च संबंधित राज्य को उठाना पड़ता था।
  - कम्पनी इस हेतु उस राज्य में एक अंग्रेज रेजीडेन्ट की नियुक्ति करती थी एवं सुरक्षा हेतु उस देशी राज्य के खर्च पर अपनी सेना रखती थी।
  - भारत में प्रथम सहायक संधि 1798 ई. में हैदराबाद के निजाम के साथ की गई।
  - अगस्त 1803 ई. में आंग्ल-मराठा के द्वितीय युद्ध में मराठों की पराजय के पश्चात मराठा पेशवा दौलतराव द्वारा 30 दिसम्बर, 1803 को अंग्रेजों के साथ सुर्जीअर्जन गाँव संधि कर जयपुर एवं जोधपुर राज्यों को अंग्रेजों को सौंप दिया।
  - राजस्थान में सर्वप्रथम भरतपुर राज्य के महाराजा रणजीतसिंह के साथ 29 सितम्बर 1803 को लॉर्ड वेलेजली ने सहायक संधि की।
  - आपसी अविश्वास के कारण यह संधि क्रियान्वित न हो पायी। इससे रुष्ट होकर लॉर्ड लेक के नेतृत्व में अंग्रेजों ने 5 बार भयंकर आक्रमण किये लेकिन अंग्रेज भरतपुर को जीतने में असफल रहे एवं अप्रैल 1805 में नई संधि हुई जिसमें भरतपुर की पूर्व की स्थिति रखी गई, भरतपुर राज्य की सीमा एवं क्षेत्रफल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा भरतपुर को डीग क्षेत्र लौटा दिया गया।

## अध्याय – 11
# राजस्थान में 1857 की क्रांति

### 1857 के विद्रोह के संदर्भ में विभिन्न मत -

- डॉ. रामविलास शर्मा- यह स्वतंत्रता संग्राम था ।
- डॉ. रामविलास शर्मा– यह जनक्रांति थी ।
- डिजरायली बेंजामिन डिजरैली – यह राष्ट्रीय विद्रोह था ।
- वी. डी. सावरकर- यह स्वतंत्रता की पहली लड़ाई थी (पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस) ।
- एस.एन. सेन- यह विद्रोह राष्ट्रीयता के अभाव में स्वतंत्रता संग्राम था ।
- सर जॉन लॉरेंस, के. मैलेसन, ट्रैविलियन, सीले- 1857 की क्रांति एक सिपाही विद्रोह था ( इस विचार से भारतीय समकालीन लेखक मुंशी जीवनलाल दुर्गादास बंदोपाध्याय सैयद अहमद खाँ भी सहमत है । )
- जवाहरलाल नेहरु - यह विद्रोह मुख्यतः सामन्तशाही विद्रोह था ।
- सर जेम्स आउट्रम और डब्ल्यू टेलर ने इसको - यह विद्रोह हिंदू-मुस्लिम का परिणाम था कहा है ।
- क्रांति के प्रमुख कारण ( Reason of 1857 Revolution )
- देशी रियासतों के राजा मराठा व पिण्डारियों से छुटकारा पाना चाहते थे।
- लॉर्ड डलहौजी की राज्य विलय की नीतियाँ ।
- चर्बी लगे कारतुस का प्रयोग (एनफील्ड) ।
- 1857 के विद्रोह का प्रारंभ 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी (पश्चिम बंगाल) की 34वीं नेटिव इन्फेंट्री के सिपाही मंगल पांडे के विद्रोह के साथ हुआ किन्तु संगठित क्रांति 10 मई 1857 को मेरठ (उत्तर प्रदेश) छावनी से प्रारंभ हुई थी ।
- 1857 की क्रांति का तत्कालीन कारण चर्बी वाले कारतूस माने जाते हैं, जिनका प्रयोग एनफील्ड राइफल में किया जाता था । इस रायफल के बारे में भारतीय सैनिकों में अफवाह फैली की इनमें लगने वाले कारतूसों में गाय तथा सूअर की चर्बी लगी होती है ।
- कारतूस का प्रयोग करने से पूर्व उसके खोल को मुंह से उतरना पड़ता था जिससे हिंदू तथा मुस्लिमों का धर्म भ्रष्ट होता है । परिणाम स्वरूप 1857 का विद्रोह प्रारंभ हुआ ।
- 1857 की क्रांति के समय राजपूताना उत्तरी पश्चिमी सीमांत प्रांत के प्रशासनिक नियंत्रण में था जिसका मुख्यालय आगरा में था इस प्रांत का लेफ्टिनेंट गवर्नर कोलविन था ।
- अजमेर- मेरवाड़ा का प्रशासन कर्नल डिक्सन के हाथों में था क्रांति के समय राजपुताना का ए.जी.जी जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस था जिस का मुख्यालय माउंट आबू में स्थित था अजमेर राजपूताना की प्रशासनिक राजधानी था और अजमेर में ही अंग्रेजों का खजाना और शस्त्रागार स्थित था ।
- अजमेर की रक्षा की जिम्मेदारी 15वीं नेटिव इन्फैंट्री बटालियन के स्थान पर ब्यावर से बुलाई गई, लेफ्टिनेंट कारनेल के नेतृत्व वाली रेजिमेंट को दे दी गई मेरठ विद्रोह की खबर 19 मई 1857 को माउंट आबू पहुंची ।

  इस क्रांति का प्रतीक चिह्न रोटी और कमल का फूल था

### राजस्थान में क्रांति के समय पॉलिटिकल एजेंट

1. कोटा रियासत में - मेजर बर्टन
2. जोधपुर रियासत में - मेक मैसन
3. भरतपुर रियासत में - मोरिशन
4. जयपुर रियासत में – कर्नल ईडन
5. उदयपुर रियासत में - शावर्स और
6. सिरोही रियासत में - जे.डी.हॉल थे

### राजस्थान में क्रांति के समय राजपूत शासक

कोटा रियासत में - रामसिंह
- जोधपुर रियासत में - तख्तसिंह
- भरतपुर रियासत में - जसवंत सिंह
- उदयपुर रियासत में - स्वरूप सिंह
- जयपुर रियासत में - रामसिंह द्वितीय
- सिरोही रियासत में - शिव सिंह
- धौलपुर रियासत में - भगवंत सिंह
- बीकानेर रियासत में - सरदार सिंह
- करौली रियासत में - मदनपाल
- टोंक रियासत में - नवाब वजीरुद्दौला
- बूँदी रियासत में - रामसिंह
- अलवर रियासत में - विनयसिंह
- जैसलमेर रियासत में – रणजीत सिंह
- झालावाड रियासत में – पृथ्वीसिंह
- प्रतापगढ़ रियासत में – दलपत सिंह
- बाँसवाड़ा रियासत में - लक्ष्मण सिंह और
- डूंगरपुर रियासत में - उदयसिंह थे ।

राजस्थान में क्रांति के समय 6 सैनिक छावनियां थी जिनमें से खेरवाड़ा (उदयपुर) और ब्यावर (अजमेर) सैनिकों ने विद्रोह में भाग नहीं लिया था ।

**सैनिक छावनियां ( Military Encampment )**

1. नसीराबाद (अजमेर)
2. नीमच (मध्य प्रदेश)
3. एरिनपुरा (पाली)
4. देवली (टोंक)
5. ब्यावर (अजमेर)
6. खेरवाड़ा (उदयपुर)

**NOTE** – खैरवाड़ा व ब्यावर सैनिक छावनीयों ने इस सैनिक विद्रोह में भाग नहीं लिया।

## राजस्थान में 1857 की क्रांति का आरम्भ

- 1857 Revolution के समय भारत का गवर्नर जनरल " लॉर्ड केनिंग " था ।
- जब AGG जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस को मेरठ में सैनिक क्रांति की सूचना मिली तब वह माउन्ट आबू में था।
- AGG को मेरठ में क्रांति की सूचना 19 मई 1857 को मिली ।
- जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस ने अजमेर के मैगजीन दुर्ग में तैनात 15 वीं नेटिव इन्फेन्ट्री (NI) को नसीराबाद भेज दिया।
- मैगजीन दुर्ग में अंग्रेजों का शस्त्रागार तथा सरकारी खजाना रखा हुआ था।
- इस दुर्ग का नाम अकबर द्वारा रखा गया था।
- AGG ने देशी राजाओं को पत्र लिखकर 1817-1818 की सहायक संधियों का स्मरण कराया तथा क्रांति के दमन हेतु सहयोग माँगा ।
- 1857 की क्रांति के समय राजपूताना उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त के प्रशासनिक नियंत्रण में था।
- उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त का मुख्यालय आगरा में था और इस प्रान्त का लेफ्टिनेंट गवर्नर कोलवीन था।

## नसीराबाद में क्रांति

- राजस्थान में 1857 की क्रांति का बिगुल नसीराबाद छावनी के सैनिकों ने बजाया।
- यहाँ अजमेर से अचानक भेजी गई 15 वीं नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों में असन्तोष व्याप्त हो गया था । इसके अतिरिक्त सरकार ने चर्बी वाले कारतूसों का विरोध होने के कारण इसके प्रयोग को बंद करने के आदेश दिए जिससे सैनिकों का संदेह और भी दृढ हो गया ।
- 30 वीं नेटिव इन्फेंट्री यहाँ पहले से ही तैनात थी।
- 28 मई 1857 को 15 वीं नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों ने विद्रोह कर अपने अधिकारी प्रिचार्ड का आदेश मानने से इन्कार कर दिया।
- विद्रोही सैनिकों ने छावनी में मौजूद अंग्रेजों के मेजर स्पोटिस वुड तथा न्यूबरी की हत्या कर दी और दिल्ली कूच कर गए।
- बख्तावर सिंह द्वारा यहाँ विद्रोहियों का नेतृत्व किया गया।
- लेफ्टिनेंट माल्टर, व लेफ्टिनेंट हेथकोट के नेतृत्व में मेवाड़ के सैनिकों ने विद्रोहियों का पीछा किया लेकिन असफल रहे।

## नीमच में क्रांति

- 2 जून 1857 को नीमच में कर्नल एबॉट ने हिन्दू व मुस्लिम सैनिकों को अंग्रेजों के प्रति वफादारी के लिए गीता व कुरान की शपथ दिलाई।
- अवध के एक सैनिक मोहम्मद अली बेग ने इसका विरोध किया ओर कर्नल एबॉट की हत्या कर दी।
- 3 जून 1857 को नीमच छावनी में क्रांति भड़क गई । यहाँ हीरालाल द्वारा नेतृत्व प्रदान किया गया।
- यहाँ मौजूद 40 अंग्रेजों ने भागकर डूंगला गाँव में रुंगाराम किसान के यहाँ शरण ली।
- मेवाड़ के सैनिक इन्हें उदयपुर ले गये जहाँ महाराणा स्वरूप सिंह ने इन्हें जगमंदिर पैलेस में ठहराया।
- राजस्थान में 1857 की क्रांति के दमन में अंग्रेजों का साथ देने वाला राजपूताने का पहला शासक मेवाड़ का स्वरूप सिंह था।
- नीमच के विद्रोही सैनिकों ने आगरा पहुँचकर वहाँ जेल में बन्द कैदियों को मुक्त कर दिया। विद्रोहियों ने आगरा के सरकारी खजाने से एक लाख छब्बीस हजार रुपये लूट लिये।
- नीमच के सैनिकों ने देवली छावनी होते हुए दिल्ली कूच किया।
- शाहपुरा के शासक लक्ष्मण सिंह ने नीमच के विद्रोही सैनिकों को सहायता व शरण दी।

| | | |
|---|---|---|
| 36. | श्री रामेश्वर ठाकुर (कार्यवाहक) | 10 जुलाई, 2009 – 22 जुलाई, 2009 |
| 37. | श्री शिलेन्द्र कुमार सिंह | 23 जुलाई, 2009 – 24 जनवरी, 2010 |
| 38. | श्री मती प्रभाराव (कार्यवाहक) | 03 दिसम्बर, 2009 – 24 जनवरी, 2010 |
| 39. | श्रीमती प्रभाराव | 25 जनवरी, 2010 – 26 अप्रैल, 2010 |
| 40. | श्री शिवराज पाटिल (कार्यवाहक) | 28 अप्रैल, 2010 – 11 मई, 2012 |
| 41. | श्रीमती मार्पोट आलवा | 12 मई, 2012 – 7 अगस्त, 2014 |
| 42. | श्री रामनाईक (कार्यवाहक) | 8 अगस्त, 2014 – 3 सितम्बर, 2014 |
| 43. | श्री कल्याणसिंह | 8 सितम्बर, 2014- 8 सितम्बर, 2019 |
| 44. | श्री कलराज मिश्र | 9 सितम्बर, 2019 से लगातार ....... |

# अध्याय – 2

## मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद्

- मुख्यमंत्री किसी राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान होता है । वह राज्य विधानसभा का नेता होता है । राज्य की सर्वोच्च कार्यपालिका शक्ति मुख्यमंत्री के हाथों में है । वह राज्य का वास्तविक शासक/तथ्यत प्रमुख / डी-फैक्टों हेड होता है ।
- मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा संविधान के **अनुच्छेद 164 (1)** के तहत् की जाती है ।
- सामान्यत , राज्यपाल बहुमत प्राप्त दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है । लेकिन यदि चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ है , उस स्थिति में राज्यपाल स्वविवेक से मुख्यमंत्री नियुक्त करता है। उसे एक माह के भीतर सदन में विश्वास मत प्राप्त करने के लिए कहता है ।

राज्यपाल स्वविवेक द्वारा मुख्यमंत्री की नियुक्ति ऐसे समय पर करता है जब कार्यकाल के दौरान किसी मुख्यमंत्री की मृत्यु हो जाए और कोई उत्तराधिकारी तय नहीं हो या चुनावों में किसी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ हो ।

**NOTE- केन्द्र शासित प्रदेशों में (जहाँ विधानसभा है ) मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति , राष्ट्रपति करता है । वर्तमान में भारत के तीन केन्द्र शासित प्रदेशों क्रमशः पुदुच्चेरी, दिल्ली और जम्मू- कश्मीर में विधानसभाओं का प्रावधान है ।**

- **अनुच्छेद 164 ( 3 )** मुख्यमंत्री व मंत्रियों को शपथ राज्यपाल दिलाता है । राज्य का मुख्यमंत्री कार्यग्रहण से पूर्व राज्यपाल के समक्ष पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करता है। मुख्यमंत्री व मंत्रियों की शपथ का प्रारूप **भारतीय संविधान की अनुसूची 3** में मिलता है ।

**अनुच्छेद 164 ( 4 )** मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की योग्यता भारतीय संविधान में मुख्यमंत्री पद के लिए योग्यताएँ आवश्यक है जो एक मंत्री पद के लिए होती है । जैसे– ( I ) न्यूनतम आयु 25 वर्ष हो । ( 2 ) राज्य विधानमण्डल के दोनों में से किसी एक सदन का सदस्य हो ।

